Total No. of Printed Pages—4

2 SEM TDC HND MIL (A) 1

2019

(May)

HINDI

(Modern Indian Language)

(Arts)

Course : 201

(हिन्दी गद्य तथा व्याकरण)

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

Candidates ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***9***

Full Marks : 80

Pass Marks : 32/24

Candidates ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***11***

Full Marks : 100

Pass Marks : 40/30

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) 'दुःख' कहानी में किसका दुःख बनावटी है?

(ख) 'बैजू बावरा' के अतिरिक्त सुदर्शन की अन्य किसी एक प्रसिद्ध कहानी का नाम लिखिए।

(ग) 'असम की संस्कृति' के लेखक का नाम लिखिए।

(घ) एक धमाके के साथ राजनीति में कौन आयी थी?

(ङ) 'कबीर' शीर्षक निबंध किनकी रचना है?

(च) 'काली आँधी' उपन्यास पर आधारित फिल्म का नाम लिखिए।

(छ) मालती जी के विरोध में पर्चा किसकी ओर से निकाला गया था?

(ज) उपमेय में उपमान की सम्भावना होने पर कौन-सा अलंकार होता है?

2. "'दुःख' कहानी में दुःख एक अनुभूति का नाम है, अमीरी और गरीबी से उसका कोई संबंध नहीं।" पठित कथा के आधार पर इस तथ्य की विवेचना कीजिए। 11

अथवा

'असम की संस्कृति' निबंध के आधार पर असमिया संस्कृति की विशेषताएँ बताइए।

3. "'काली आँधी' उपन्यास में केवल भ्रष्टाचार और चरित्रहीनता का ही चित्रण नहीं है, इसमें महत्त्वाकांक्षा के विस्तार और सफलता के नशे की कहानी भी जुड़ी हुई है।" इस कथन के परिप्रेक्ष्य में उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 11

अथवा

'काली आँधी' उपन्यास में वर्णित राजनीति की विद्रूपता पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : $8\times2=16$

(क) काश! तुम जानती दुःख किसे कहते हैं। ...तुम्हारा यह रसीला दुःख तुम्हें न मिले तो जिन्दगी दूभर हो जाये।

अथवा

महिमा में यह व्यक्तित्व केवल एक ही प्रतिद्वंद्वी जानता है—तुलसीदास। परंतु तुलसीदास और कबीर के व्यक्तित्व में बड़ा अंतर था।

(ख) इलेक्शन जीत लेना आसान होता है, पर जो गंदगी और कीचड़ उछाली जाती है, उसे साफ करना बहुत मुश्किल है।

अथवा

हमारे सामने जो कुछ है उसे साहस से स्वीकार करें। जो है, वह है; जो नहीं है, वह नहीं है।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×3=9

(क) ईमानदारी और बेईमानी में चार अंगुल का भी फरक नहीं है। यह सवाल चित और पट का है। आशय लिखिए।

(ख) "आधुनिक जीवन की एक बड़ी विडम्बना है कि जो हम नहीं चाहते, वही करने को विवश हैं।" भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) "भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था।" स्पष्ट कीजिए।

(घ) जिन्दगी में हर चीज नहीं मिलती। आदमी को चुनाव करना पड़ता है कि उसे क्या चाहिए...। आशय लिखिए।

6. क्रिया की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए। 5

अथवा

लिंग-निर्णय के किन्हीं चार नियमों को सोदाहरण लिखिए।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्द-युग्मों का अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×5=5

असन–आसन ; पास–पाश ; कोष–कोश ; तरणि–तरणी ; नियत–नीयत ; देव–दैव ; अंस–अंश।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×5=5

अक्ल पर पत्थर पड़ना ; सब धन बाइस पसेरी ; टोपी पहनाना ; नाक रगड़ना ; डींग मारना ; छठी का दूध याद आना ; खटाई में पड़ना।

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 10

(क) मेरा प्रिय साहित्यकार

(ख) इंटरनेट

(ग) आम चुनाव और भ्रष्टाचार

(घ) प्रदूषण की समस्या

(In lieu of Internal Assessment)

10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए : 5×2=10

तानसेन ; दिलीप ; बैजू बावरा ; हेमा।

11. 'काली आँधी' उपन्यास के आधार पर मालती का चरित्र-चित्रण कीजिए। 10

★ ★ ★